हरिभूमि कांकेर भूमि
रायपुर, बुधवार 3 जून 2026

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

11 मुख्यमंत्री ने चैरपाल शिविर में किया जनसंवाद...



11 बारिश के कारण सीएम का कार्यक्रम स्थगित...





# मुख्यमंत्री विष्णुदेव का कांकेर में भव्य स्वागत, भाजपा कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

सुशासन तिहार के अंतर्गत प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मंगलवार शाम लगभग पौने पांच बजे कांकेर पहुंचे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला मुख्यालय में सुबह से ही उत्साह का माहौल था। प्रशासनिक और राजनीतिक स्तर पर व्यापक तैयारियां की गई थीं तथा सुरक्षा व्यवस्था के भी विशेष इंतजाम किए गए थे। मुख्यमंत्री के हेलीकॉप्टर के गर्ल्स कॉलेज मैदान के समीप बनाए गए हेलीपैड पर उतरते ही भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

## अधिकारी जनहित से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ करें कार्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ उनके प्रमुख सचिव सुबोध सिंह एवं तथा मुख्यमंत्री के विशेष सचिव एवं जनसम्पर्क आयुक्त रजत बंसल उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए जिले भर से भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में हेलीपैड स्थल पर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री साय के पहुंचते ही विधायक विक्रम उसेंडी, विधायक आशाराम नेताम तथा भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन एवं अन्य भाजपा नेताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। प्रशासन की ओर से कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर एवं पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने भी स्वागत किया। इस दौरान उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के स्वागत में नारे लगाए और उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। हेलीपैड परिसर में उत्साह और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। मुख्यमंत्री के स्वागत के दौरान भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन के अधिकारी और विभिन्न विभागों के कर्मचारी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। हेलीपैड से लेकर कार्यक्रम स्थल तक पुलिस बल तैनात किया गया था। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए भी विशेष प्रबंध किए गए थे।

सुरक्षा व्यवस्था के किए गए विशेष इंतजाम

### सीएम योजनाओं की कर रहे समीक्षा

*सुशासन तिहार के माध्यम से प्रदेश सरकार जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने तथा प्रशासन को आम लोगों के और अधिक निकट लाने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय लगातार विभिन्न जिलों का दौरा कर योजनाओं की समीक्षा कर रहे हैं। अधिकारियों को जनहित से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दे रहे हैं। इसी कड़ी में उनका कांकेर प्रवास महत्वपूर्ण माना जा रहा है।*



**कार्यकर्ताओ में दिखा उत्साह** *मुख्यमंत्री के स्वागत कार्यक्रम ने भाजपा कार्यकर्ताओं में नया उत्साह भर दिया। बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के प्रति अपना समर्थन और विश्वास व्यक्त किया। सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री का यह दौरा बस्तर संभाग में विकास कार्यों और जनहितकारी योजनाओं को नई गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।*

## खबर संक्षेप



### बाइक चालक की लापरवाही से युवक की मौत, केस दर्ज

**कांकेर।** छोटेबेठिया थानांतर्गत धरमपुर मेन रोड के पास सड़क दुर्घटना में युवक की मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि 9 अप्रैल को सुबह करीबन 10 बजें मृतक छोटेबेठिया थानांतर्गत 36 वर्षीय राजेश देहारी पिता सुकलाल देहारी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीजी 8674 में बैठकर अपने बेटा को लेने घोडागांव आश्रम गया था। आश्रम से अपने बेटे को लेकर वापस अपने घर आकमेटा आ रहा था। दोपहर करीबन ढाई बजे पीव्ही 92 धरमपुर मेन रोड में पहुंचा था कि सामने से आ रही मोटर सायकल बिना नम्बरी स्प्लेण्डर का चालक आलदण्ड निवासी 35 वर्षीय श्याम लाल वड्डे पिता पिटला वड्डे अपनी मोटर सायकल को लापरवाही पूर्वक तेज गति से चलाते हुए मोटर सायकल को ठोकर मार दिया, जिससे राजेश देहारी सड़क में गिर गया जिससे सिर, चेहरा, पैर एवं शरीर में चोट लगी। खून निकलने लगा व गंभीर चोट आने की वजह से उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी श्याम लाल के खिलाफ धारा 281, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### पेड़ से गिरकर युवक की मौत

**कांकेर।** आमाबेड़ा थानांतर्गत कोतहुड़ निवासी 21 वर्षीय अनिल कुमार गावड़े पिता चमरा राम का पेड़ से गिरने कि वजह से आई गंभीर चोट के कारण 31 मई को मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक जंगल में सूखा सरई पेड़ काटने के लिए पेड़ पर चढ़ा था। अचानक पैर फिसल जाने से उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### युवती ने की खुदकुशी कारण अज्ञात

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत गावड़े खसगांव निवासी 22 वर्षीय पांचो नुरेटी पिता सव. टीरूराम ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतिका ने अपने गांव में 31 मई को फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। आत्महत्या के कारणों के फिलहाल पता नही चल पाया गया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### नहाने गए युवक को आया चक्कर, हो गई मौत

**कांकेर।** सिकसोड़ थानांतर्गत परोण्डी में नहाने के लिए गए युवक कि मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया कि 31 मई को परोण्डी निवासी 32 वर्षीय माहंगूराम उईके पिता मानूराम नहाने के लिए नल कूप के पास गया था। अचानक चक्कर आकर गिर गया।

## पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों के खिलाफ की नारेबाजी

# 18 पंचायतों के हजारों ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, अंतागढ़ स्टेट हाईवे किया जाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोयलीबेड़ा

अलग खबर

ब्लॉक मुख्यालय कोयलीबेड़ा में ग्रामीण शांतिपूर्ण धरने पर बैठे हुए हैं। उनकी प्रमुख मांगों में ब्लॉक मुख्यालय से जुड़े कार्यालयों को कोयलीबेड़ा में संचालित करना तथा क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं का स्थायी समाधान शामिल है। ग्रामीणों का कहना है कि वे पिछले 15 से 20 वर्षों से इन मांगों को लेकर शासन और प्रशासन के समक्ष गुहार लगाते आ रहे हैं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला है। ग्रामीणों का आरोप है कि आंदोलन के दौरान प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई। अधिकारियों द्वारा बार-बार समय मांगने और अस्पष्ट जवाब दिए जाने से लोगों का आक्रोश बढ़ता गया। इसी के चलते आंदोलनकारियों ने ब्लॉक मुख्यालय से निकलकर अंतागढ़ स्टेट हाईवे को जाम करने का निर्णय लिया। हाईवे पर चक्काजाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात कई घंटों तक प्रभावित रहा। आंदोलन में शामिल ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने कहा कि यदि प्रशासन समय रहते उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करता तो उन्हें सड़क पर उतरने की नौबत नहीं आती। उनका कहना था कि क्षेत्र के सांसद और विधायक भी जनता की समस्याओं से दूरी बनाए हुए हैं, जिससे लोगों में निराशा और नाराजगी लगातार बढ़ रही है। आंदोलनकारियों ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी वर्षों पुरानी मांगों पर ठोस और लिखित निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।

*वर्षों से उपेक्षा और अनदेखी का दंश झेल रहे क्षेत्र के ग्रामीणों का सब्र आखिरकार जवाब दे गया। 18 ग्राम पंचायतों के 68 गांवों से पहुंचे हजारों महिला-पुरुष और युवाओं ने मंगलवार को अंतागढ़ के इमलीपदर चौक और कुहुंचे चौक में स्टेट हाईवे जाम करते हुए चक्काजाम कर दिया। आंदोलनकारियों ने सांसद और विधायक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए क्षेत्र की समस्याओं को लगातार नजरअंदाज किए जाने पर अपना आक्रोश व्यक्त किया।*

### 15-20 वर्षों से लंबित मांगों पर नहीं मिला ठोस जवाब, प्रशासन की अनदेखी से आंदोलन हुआ उग्र





### पांचवें दिन टूटा धैर्य, किया चक्काजाम

*ग्रामीणों ने बताया कि पांचवें दिन पुनः प्रशासन की ओर से वार्ता का प्रयास किया गया, लेकिन पुराने आश्वासनों और समय मांगने की बात दोहराए जाने पर लोगों का धैर्य टूट गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने मौके पर ही अंतागढ़ स्टेट हाईवे जाम करने संबंधी आवेदन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंप दिया और आंदोलन को और तेज करने की चेतावनी दी।*

### ग्रामीणों ने कार्यशैली पर उठाए सवाल

*आंदोलन के दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि धरना समाप्त कराने के लिए उन्हीं अधिकारियों को भेजा गया, जो पूर्व में क्षेत्र में पदस्थ रह चुके हैं और जिन पर व्यवस्था सुधारने में विफल रहने के आरोप लगते रहे हैं। पहले दिन एसडीएम राहुल रजक को भेजा गया, जो पूर्व में जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा में सीईओ थे। इसके बाद एडीएम एआर पैकरा को भी वार्ता के लिए भेजा गया, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि दोनों अधिकारियों ने उनकी समस्याओं के समाधान को लेकर कोई स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत नहीं किया।*

## 12 प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों की हुई पदस्थापना



**अब मैदानी स्तर पर सीखेंगे पुलिसिंग के गुर**

**कांकेर।** कुशल, संवेदनशील एवं जनोन्मुख पुलिस नेतृत्व तैयार करने की दिशा में कांकेर जिले ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा नियुक्त 12 नवीन प्रशिक्षु उप निरीक्षकों को जिला स्तरीय व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए कांकेर में पदस्थ किया गया है। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन में इन अधिकारियों को जिले के विभिन्न थानों और पुलिस चौकियों में तैनात किया गया है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य इन युवा अधिकारियों को पुलिस कार्यप्रणाली के हर पहलू से रूबरू कराना है, ताकि भविष्य में वे एक दक्ष, संवेदनशील और उत्तरदायी पुलिस अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे सकें। अपराधों की जांच, साक्ष्य संकलन और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के गुर, साइबर अपराधों की प्रारंभिक जांच, यातायात प्रबंधन और बीट प्रणाली का व्यावहारिक ज्ञान, महिला एवं बाल अपराधों के प्रति संवेदनशीलता, त्वरित समस्या समाधान और जन-संवाद, जनविश्वास आधारित पुलिसिंग और सामुदायिक पुलिसिंग की अवधारणा को समझना इन सभी प्रमुख बिंदूओं पर प्रशिक्षण मिलेगा। प्रशिक्षण की अवधि के दौरान, ये प्रशिक्षु अधिकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और अनुभवी थाना प्रभारियों के मार्गदर्शन में कार्य करेंगे। ▸▸ शेष पेज 10 पर

### उत्कृष्ट पुलिस अधिकारी बनकर समाज को दें बेहतर सेवा

*एसपी ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण अवधि का पूर्ण लाभ उठाएं। अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और सेवाभाव के साथ कार्य करें। आप भविष्य में एक उत्कृष्ट पुलिस अधिकारी बनकर समाज को बेहतर, प्रभावी एवं पारदर्शी सेवाएं प्रदान कर सकें।*

## नाचने के दौरान हुए धक्का मुक्की से हुए नाराज

# शादी समारोह में विवाद दो युवकों की बेदम पिटाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

शादी समारोह के दौरान हुई मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया, जिसके बाद मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। घटना भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र के ग्राम दाबकट्टा की है, जहां दो युवकों पर कड़े और घूंसों से जानलेवा हमला किया गया। थाना भानुप्रतापपुर में शिकायत करने पहुंचे ग्राम दाबकट्टा निवासी 20 वर्षीय उदित कड़ियाम ने बताया कि वह 31 मई की रात गांव में ही रहने वाले सुरेश उईके की शादी में शामिल होने गया था। शादी में नाचने के दौरान रात करीब 11 बजे अन्य युवकों के साथ उसकी हल्की धक्का-मुक्की हो गई थी।

उस वक्त मामला शांत हो गया था, लेकिन अगले ही दिन यह विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। पीड़ित उदित ने बताया कि अगले दिन, 1 जून की सुबह करीब 9 बजे, वह दोबारा शादी के टीकावन कार्यक्रम में शामिल होने गया था। इसी दौरान पिछले दिन की बात को लेकर रंजिश रखते हुए आरोपी देवेन्द्र कोला, गजेन्द्र कोला, धनेश कोला और उनके कुछ अन्य अज्ञात साथियों ने एक राय होकर उदित और उसके साथी बालोद जिला के तुमड़ीसुर निवासी माखन जुर्रीको घेर लिया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए चिल्लाया, आज तुम दोनों को जान से मार देंगे और ताबड़तोड़ हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। ▸▸ शेष पेज 10 पर



**पुलिस ने दर्ज किया मामला**

शिकायत पर पुलिस ने आरोपी देवेंद्र कोला, गजेंद्र कोला और धनेश कोला के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## शहर में भी गहराई पेयजल समस्या

पीने के पानी के इंतजाम में ही लोगों का बीत रहा आधा दिन

# बूंद-बूंद पानी को तरस रहे लोग भीषण गर्मी में कूलर भी सूखे पड़े

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

शहर में पेयजल की समस्या अब कोई नई बात नहीं रह गई है। चाहे आसमान से पानी बरस रहा हो या सूरज की तपिश झुलसा रही हो, शहरवासियों के नसीब में पानी की किल्लत हर मौसम में लिखी हुई है। शासन की योजना के तहत हर घर में नल-जल कनेक्शन तो दे दिया गया है, लेकिन धरातल पर यह योजना सिर्फ पाइपों और नलों तक ही सिमट कर रह गई है। कभी वाटर फिल्टर प्लांट की गड़बड़ी, तो कभी मोटर पंप के खराब हो जाने का बहाना बनाकर जलापूर्ति ठप कर दी जाती है। इस समय शहर के संजय नगर वार्ड में पानी की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। लंबे समय से इस वार्ड के नागरिक बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। भीषण गर्मी की शुरुआत के साथ ही यहां हाहाकार मचा हुआ है। एक तरफ सूरज की तीखी तपिश और चिलचिलाती धूप ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है, वहीं दूसरी तरफ घरों में लगे कूलर पानी के अभाव में सफेद हाथी साबित हो रहे हैं। कूलर में डालने के लिए पानी न होना इस भीषण गर्मी में वार्ड वासियों के लिए किसी बड़ी सजा से कम नहीं है। संजय नगर के निवासियों का कहना है कि पीने के पानी के इंतजाम में ही उनका आधा दिन बीत जाता है। सुबह से ही लोग बर्तनों की कतार लगाकर दूर-दराज के हैंडपंपों या अन्य स्रोतों की ओर दौड़ने को मजबूर हैं। विडंबना यह है कि टैक्स देने और कागजों पर हर घर जल का तमगा होने के बावजूद, लोगों को इस बुनियादी जरूरत के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है।



### लोगों में बढ़ रहा आक्रोश

यदि समय रहते संजय नगर वार्ड की इस पेयजल किल्लत को दूर नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में वार्ड वासियों का आक्रोश सड़कों पर फूट सकता है। प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को इस गंभीर मानवीय समस्या को प्राथमिकता पर लेते हुए मोटर पंपों को दुरुस्त कराने और नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने के ठोस कदम उठाने होंगे।

### पार्षद की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

इस पूरे मामले में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उदासीनता भी खुलकर सामने आ रही है। वार्डवासियों का कहना है कि जब जनता इतनी गंभीर समस्या से जूझ रही है, तब उनके द्वारा चुने गए वार्ड पार्षद को सामने आकर जिम्मेदारी लेनी चाहिए। संकट के इस समय में पार्षद को नगर पालिका प्रशासन और तकनीकी विभाग से समन्वय बनाकर तुरंत वैकल्पिक व्यवस्था जैसे टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति करानी चाहिए, लेकिन धरातल पर सिर्फ आश्वासन ही मिल रहे हैं।

# विधायक की पहल लाई रंग जल्द लगेगा नया ट्रांसफार्मर

## समस्या से निजात मिलने की जागी आस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत मंगहूर में लंबे समय से चली आ रही विद्युत समस्या अब समाधान की ओर बढ़ती दिखाई दे रही है। गांव में लगभग 200 घरों एवं कई विद्युत कनेक्शनों का भार एक ही ट्रांसफार्मर पर होने के कारण लगातार लो-वोल्टेज और बिजली आपूर्ति संबंधी समस्याएं बनी हुई थीं।

इससे ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित हो रहा था। घरेलू कार्यों से लेकर खेती-किसानी और विद्यार्थियों की पढ़ाई तक पर इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा था। ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत किए जाने और समस्या के समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने मामले को गंभीरता से लिया। विधायक ने तत्काल विद्युत विभाग के डिवीजनल इंजीनियर, भानुप्रतापपुर से दूरभाष पर चर्चा कर ग्राम मंगहूर की समस्या का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता उनकी प्राथमिकता है। बिजली जैसी आवश्यक सेवा में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मंगहूर के ग्रामीणों को जल्द से जल्द राहत पहुंचाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। ▸▸ शेष पेज 10 पर



## बादलों की लुकाछिपी से मिली राहत, और गिरेगा तापमान

# नौतपा के अंतिम दिन धूप की चमक रही फीकी

नौतपा के अंतिम दिन मंगलवार को जिले में मौसम का मिजाज बदला-बदला नजर आया। सुबह से ही आसमान में हल्के बादलों का डेरा बना रहा, जिससे तेज धूप की चमक कम दिखाई दी। दिनभर बादलों और सूरज के बीच लुकाछिपी का खेल चलता रहा। बीच-बीच में हल्की धूप निकलने के बावजूद गर्मी का असर अपेक्षाकृत कम रहा, जिससे लोगों को राहत महसूस हुई। पिछले कुछ दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी की तुलना में मंगलवार का दिन काफी सुहावना रहा।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

मौसम में आए इस बदलाव के कारण जिले के अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। सामान्य दिनों में नौतपा के दौरान तापमान 42 से 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है, लेकिन बादलों की मौजूदगी और नम हवाओं के प्रभाव से पारा नियंत्रण में रहा। दोपहर के समय हल्की उमस जरूर महसूस हुई, लेकिन तेज गर्म हवाएं नहीं चलने से लोगों को राहत मिली।

जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में नौतपा के अंतिम दिन आसमान पर बादलों की आवाजाही बनी रही। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण और वातावरण में बढ़ी नमी के कारण मौसम में यह परिवर्तन देखने को मिल रहा है। इसका असर कांकेर जिले में भी स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।



### किसानों के लिए सकारात्मक संदेश

कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि नौतपा के अंतिम दिनों में मौसम का यह बदलाव किसानों के लिए सकारात्मक संकेत माना जा सकता है। यदि आने वाले दिनों में इसी तरह नमी बनी रहती है और प्री-मानसून गतिविधियां बढ़ती हैं, तो खरीफ फसलों की तैयारी में किसानों को लाभ मिलेगा। वहीं पशुपालकों और आम नागरिकों को भी भीषण गर्मी से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है।

### आने वाले 4 दिनों में तापमान में आएगी गिरावट

मौसम विभाग ने आगामी चार दिनों के बारे में बताया कि 3 जून बुधवार को अधिकतर धूप रहेगा। अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहेगा। शाम और रात में छिटपुट बारिश की संभावना है। 4 जून गुरुवार को मुख्य रूप से आसमान साफ और धूप रहेगी। अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 28 डिग्री सेल्सियस तक जाएगा। 5 जून शुक्रवार को मौसम आंशिक रूप से बादल छाए रहने वाला रहेगा। अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस रहेगा। दोपहर या शाम को गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। 6 जून शनिवार को बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश होने के आसार हैं, इस दिन अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है।

# ‘पर्यावरण चैंपियन अवार्ड 2026’ से सम्मानित हुआ लिंगो मुदियाल कृषि महाविद्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन, जैव विविधता संरक्षण, जैविक कृषि, वृक्षारोपण, नशामुक्ति जागरूकता एवं जनसहभागिता आधारित पर्यावरणीय अभियानों में उत्कृष्ट एवं नवाचारपूर्ण कार्यों के लिए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के अधीनस्थ लिंगो मुदियाल कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र नारायणपुर को राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित “पर्यावरण चैंपियन अवार्ड 2026” से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत संचालित नमामि गंगे परियोजना तथा भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में प्रदान किया गया। देशभर से प्राप्त 100 से अधिक नामांकनों में से मूल्यांकन एवं बहुस्तरीय चयन प्रक्रिया के पश्चात केवल 9 संस्थाओं को इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चुना गया, जिनमें 1 विश्वविद्यालय, 5 विद्यालय एवं 3 महाविद्यालय शामिल रहे। सम्मानित संस्थाओं में बिहार, झारखंड, हरियाणा, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल एवं छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि शामिल थे। चयनित संस्थाओं में उत्तराखंड का सुप्रसिद्ध सामुदायिक रेडियो “रेडियो केदार” भी सम्मिलित रहा। ऐसे राष्ट्रीय स्तर के प्रतिस्पर्धी मंच पर नारायणपुर महाविद्यालय का चयन संस्था के उत्कृष्ट पर्यावरणीय कार्यों की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। समारोह के दौरान सभी चयनित प्रतिभागियों एवं संस्थाओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन, पौधारोपण एवं जनजागरूकता के क्षेत्र में किए गए कार्यों की वीडियो प्रस्तुति प्रदर्शित की गई।

## राष्ट्रीय मंच पर चमका नारायणपुर, छत्तीसगढ़ को मिला राष्ट्रीय गौरव

### ट्राफी, प्रशस्ति पत्र और शाल देकर किया सम्मानित

महाविद्यालय को यह सम्मान ट्रॉफी, प्रशस्ति-पत्र एवं सम्मान स्वरूप शॉल प्रदान कर दिया गया। यह सम्मान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री कल्याण सिंह रावत, प्रख्यात पर्यावरणविद्, मैती आंदोलन के प्रणेता एवं जल-जंगल-जमीन संरक्षण के राष्ट्रीय प्रेरणास्रोत, तथा विशिष्ट अतिथि पद्मश्री श्रीमती मधुरी बर्थवाल, सुप्रसिद्ध लोकगायिका, लोकसंस्कृति संवाहक एवं उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत की सशक्त प्रतिनिधि ने प्रदान किया गया। कार्यक्रम में डॉ. रुचि बडोला, डीन, फैकल्टी ऑफ वाइल्डलाइफ साइंसेज एवं नोडल अधिकारी, परियोजना की उपस्थिति रही।




### प्रकृति का संरक्षण आने पीढ़ी के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी

पद्मश्री श्री कल्याण सिंह रावत ने पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं जैव विविधता संवर्धन को मानव जीवन के अस्तित्व से जोड़ते हुए कहा कि प्रकृति का संरक्षण केवल आवश्यकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने जल, जंगल और जैव विविधता की रक्षा हेतु सामुदायिक भागीदारी को सबसे प्रभावी माध्यम बताते हुए जनआंदोलन की भावना से कार्य करने का आह्वान किया। पद्मश्री मधुरी बर्थवाल ने अपने मधुर लोकगीतों एवं संबोधन के माध्यम से देवभूमि उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं एवं प्रकृति के साथ मानव के आत्मीय संबंधों को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया।

## खबर संक्षेप

### खरीफ 2026 की तैयारी पूरी : जिले में किसानों के लिए पर्याप्त बीज उपलब्ध

**कोण्डागांव।** खरीफ वर्ष 2026 के लिए कोण्डागांव जिले में किसानों को समय पर गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराने की तैयारी पूरी कर ली गई है। जिले की 47 समितियों और कृषि विकास अधिकारी कार्यालयों में लगभग 2988.90 क्विंटल बीज का भंडारण किया जा चुका है। बीज निगम द्वारा विभिन्न समितियों में धान की उन्नत किस्मों के बीजों के अलावा हरी खाद के लिए ढैंचा और मूंग बीज का भी पर्याप्त भंडारण किया जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण व्यवस्था की लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि किसानों को बुवाई के समय किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बीज उत्पादन करने वाले किसानों को बीज प्रसंस्करण केंद्रों के माध्यम से नगद भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे उन्हें आर्थिक लाभ मिल रहा है। कृषि विभाग के अनुसार जिले में बीज की पर्याप्त उपलब्धता है और खरीफ सीजन के दौरान किसानों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं।

### डूबकर मौत होने के प्रकरण में आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए पानी में डूबकर मृत्यु होने के दो प्रकरणों में मृतक के आश्रितों के लिए चार-चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चारामा तहसील के ग्राम चिनौरी निवासी 41 वर्षीय सुरजीत कोड़ोपी की पानी से भरे गड्ढे में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी उषा कोड़ोपी को चार लाख रुपएं तथा ग्राम लिलेझर के 09 वर्षीय सूर्यकांत परतेती की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनके माता-पिता दुर्योधन परतेती और चन्द्रिका परतेती के लिए चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

## पेज 9 के शेष

### 12 प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों...

यह उन्हें वास्तविक परिस्थितियों में पुलिसिंग की चुनौतियों को समझने और अपने व्यावसायिक कौशल को विकसित करने का अवसर प्रदान करेगा।

### शादी समारोह में विवाद...

इस दौरान आरोपियों ने हाथ में पहने भारी कड़े से हमला किया, जिससे हम दोनों के सिर पर गंभीर चोटें आईं। मौके पर उपस्थित लोगो ने बीच-बचाव कर हम दोनो को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया। खून से लथपथ हम दोनो को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानुप्रतापपुर ले जाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

### विधायक की पहल लाई...

विधायक के हस्तक्षेप के बाद विद्युत विभाग भी हरकत में आया और अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया कि ग्राम पंचायत मंगहूर में एक से दो दिनों के भीतर अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। नया ट्रांसफार्मर लगने के बाद विद्युत भार का संतुलन होगा और लंबे समय से चली आ रही लो-वोल्टेज की समस्या से ग्रामीणों को राहत मिलेगी।

ग्रामीणों ने बताया कि बिजली की कमी के कारण घरों में पंखे, मोटर पंप और अन्य विद्युत उपकरण सुचारू रूप से संचालित नहीं हो पा रहे थे। किसानों को सिंचाई कार्य में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था, जबकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। ऐसे में विधायक की त्वरित पहल से ग्रामीणों में नई उम्मीद जगी है।

## शिविर : विधायक नीलकंठ टेकाम के प्रयासों से सर्व आदिवासी समाज और गोंडवाना समाज को सौगात

# 3-3 करोड़ के बहुउद्देशीय कॉम्प्लेक्स सह विश्राम गृह भवन बनाने की मुख्यमंत्री साय ने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

केशकाल विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ग्राम बड़े कनेरा में आयोजित सुशासन तिहार के जनसमस्या निवारण शिविर के दौरान विधायक नीलकंठ टेकाम की दो महत्वपूर्ण मांगों पर तत्काल सहमति प्रदान की। उन्होंने केशकाल में सर्व आदिवासी समाज के लिए बहुउद्देश्यीय काम्प्लेक्स सह विश्राम गृह तथा विश्रामपुरी में गोंडवाना समाज के लिए 3 करोड़ रुपये की लागत से गोंडवाना भवन सह कॉम्प्लेक्स के निर्माण की घोषणा की। बताया जा रहा है कि यह मांग लंबे समय से क्षेत्र की जनता एवं आदिवासी समाज द्वारा उठाई जा रही थी, लेकिन अब तक इसे मूर्त रूप नहीं मिल पाया था। विधायक नीलकंठ टेकाम के लगातार प्रयासों और पहल के परिणामस्वरूप मुख्यमंत्री ने मंच से ही दोनों भवनों की घोषणा कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी है।

### जानिए क्या है बहुउद्देश्यीय मल्टीकाम्प्लेक्स

इस संबंध में विधायक नीलकंठ टेकाम ने बताया कि यह कोई सामान्य सामुदायिक भवन नहीं होगा, बल्कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त बहुउद्देशीय कॉम्प्लेक्स सह विश्राम गृह के रूप में




विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भवन के सबसे निचले तल में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जाएगा, जिससे स्थानीय युवाओं और समाज के लोगों को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इसके ऊपर के तल में आदिवासी संस्कृति, इतिहास और परंपराओं को संरक्षित एवं प्रदर्शित करने के लिए सांस्कृतिक प्रदर्शनी केंद्र तथा आधुनिक लाइब्रेरी स्थापित की जाएगी, जहां विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं को विभिन्न विषयों की पुस्तकें उपलब्ध हो सकेंगी। भवन के तीसरे तल में विश्रामगृह एवं विशाल मीटिंग हॉल का निर्माण किया जाएगा, जिसका उपयोग आदिवासी समाज के साथ-साथ अन्य समाजों के लोग भी सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए कर सकेंगे। विधायक टेकाम ने कहा कि इन भवनों का उद्देश्य केवल समाज विशेष तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सर्वसमाज के उपयोग के लिए तैयार किए जाने वाले आधुनिक सामाजिक केंद्र होंगे।

### भाजपा जिलाध्यक्ष व मंडल अध्यक्षों ने भी जताया आभार

बता दें कि इन दोनों भवनों के लिए विधायक नीलकंठ टेकाम के साथ साथ भाजपा जिलाध्यक्ष सेवकराम नेताम एवं सभी 6 मंडल अध्यक्षों ने भी सीएम साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। जिसमें केशकाल लंबोधर सलाम, विश्रामपुरी मनाराम मरकाम, बड़ेराजपुर लालाराम मरकाम, बड़ेडोंगर महेंद्र सलाम, फरसगांव धनराज पांडे, धनोरा संतोष सिन्हा शामिल हैं।

### सामाजिक गतिविधियों का एक बेहतर मंच उपलब्ध होगा

विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इन भवनों के निर्माण से जहां आदिवासी समाज को अपनी संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण का स्थायी केंद्र मिलेगा, वहीं स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार, विद्यार्थियों के लिए अध्ययन संसाधन और आम जनता के लिए सामाजिक गतिविधियों का एक बेहतर मंच उपलब्ध होगा। विधायक टेकाम ने मुख्यमंत्री के प्रति आदिवासी समाज की ओर से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का विशेष स्नेह और सहयोग केशकाल विधानसभा क्षेत्र को लगातार प्राप्त हो रहा है।



### मत्स्य पालकों को मिली नई उड़ान मुख्यमंत्री से मिली आधुनिक सामग्री

कोण्डागांव। कोंडागांव जिले के बड़ेकनेरा में आयोजित समाधान शिविर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मत्स्य पालकों को आधुनिक उपकरण और सामग्री वितरित कर आजीविका सशक्त बनाने की पहल की। ग्राम मालाकोट के कमल सिंह नेताम और ग्राम जोबा के नरेंद्र कश्यप को मोटर साइकिल एवं आइस बॉक्स प्रदान किए गए। इससे मछलियों का सुरक्षित परिवहन और संरक्षण आसान होगा तथा दूरस्थ बाजारों तक पहुंच बढ़ेगी। हितग्राहियों ने बताया कि आइस बॉक्स मिलने से मछलियों की ताजगी लंबे समय तक बनी रहेगी, जिससे बाजार में बेहतर कीमत प्राप्त होगी और आय में वृद्धि होगी। ग्राम बड़ेकनेरा के ललित बघेल और रामलाल नेताम को आधुनिक मछली पकड़ने के जाल वितरित किए गए। इससे उत्पादन बढ़ाने और व्यवसाय को अधिक लाभकारी बनाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पारंपरिक व्यवसायों को आधुनिक संसाधनों से जोड़कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। लाभान्वित मत्स्य पालकों ने मुख्यमंत्री एवं मत्स्य पालन विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहायता उनके व्यवसाय विस्तार और आर्थिक उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## कोसेरिया कुंभकार समाज बस्तर संभाग का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

कोसेरिया कुंभकार समाज बस्तर संभाग की बैठक में समाज के संगठन को मजबूत बनाने और सामाजिक गतिविधियों के विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में संभाग स्तरीय पदाधिकारियों का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ तथा नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि कोसेरिया कुंभकार समाज बस्तर संभाग में बड़ी संख्या में निवासरत है। समाज के विकास, संगठनात्मक मजबूती और सामाजिक रीति-रिवाजों के संरक्षण के उद्देश्य से संभाग स्तर पर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। समाज द्वारा जन्म संस्कार, मृत्यु संस्कार, विवाह, पारिवारिक एवं अन्य सामाजिक कार्यों में एकरूपता लाने पर भी चर्चा की गई। निर्वाचन प्रक्रिया के तहत श्यामलाल पाण्डेय (कोंडागांव) को



संभागीय अध्यक्ष चुना गया। वहीं बुधरुराम चक्रधारी (बस्तर), नरसिंह नाग (सुकमा) एवं गंगाराम चक्रधारी (धमतरी ) को उपाध्यक्ष बनाया गया। सुकमन नाग (देवाड़ा) को कोषाध्यक्ष, राजकुमार चक्रधारी (कोण्डागांव) को सचिव तथा कमलेश चक्रधारी (नारायणपुर) को सह सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में बस्तर संभाग के सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, कांकेर, धमतरी और नवरंगपुर(ओडिसा) जिलों से आए समाज के पदाधिकारी, सदस्य एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अंत में नवगठित कार्यकारिणी ने समाजहित में कार्य करने तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

## राणा धुरंधर ने जीता केपीएल मिले 80 हजार एवं ट्राफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

प्रियदर्शनी स्टेडियम केशकाल में हो रहे केशकाल प्रीमियर लीग 2 के फाइनल में राणा धुरंधर ने केशकाल टाइटन्स को हराकर बनी चैंपियन बनी।

उल्लेखनीय है कि केशकाल मे चल रहे केशकाल प्रीमियर लीग के दो सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबले सोमवार रात को खेला गया। जिसमें पहला सेमीफाइनल मुकाबला राणा धुरंधर एवं हबीबा ट्रेडर्स के मध्य खेला गया जिसमें राणा धुरंधर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। वही दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला फिनिश लाइन एवं केशकाल टाइटन्स के बीच खेला गया। जिसमें बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज करते हुए केशकाल टाइटंस ने फाइनल मे प्रवेश किया। जिसके बाद मेगा फाइनल मुकाबला खेला




जिसको देखने के लिए क्रिकेट प्रशंसक रात्रि 3:30 बजे तक मैदान पर डटे रहे।

राणा धुरंधर एवं केशकाल टाइटंस के मध्य खेला मैच बेहद रोमांचक रहा। जिसमे पहले बैटिंग करते हुए राणा धुरंधर ने निर्धारित 12 ओवर में 140 रन बनाये। जिसका पीछा करने उतरी केशकाल टाइटन्स ने मात्र 130 ही बना पायी। इस प्रकार 13 रनों से राणा धुरंधर की टीम चैंपियन बनी। जिसके बाद जमकर आतिशबाजी की गई।

### मैन ऑफ सीरीज रहे हेमंत

मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मनीष बघेल को मिला, जिन्होंने शानदार 18 बालों मे शानदार 52 रन बनाए। मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार हेमंत नेताम को दिया गया। वही बेस्ट बॉलर का पुरस्कार हाजी आवेश को मिला जिन्होंने पूरी सीरीज मे 23 विकेट लिए।

## विधायक ने व्यवसायिक परिसर निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने मंगलवार को विकासखंड कोंडागांव के ग्राम उमरगांव (ब) पहुंचकर मण्डी निधि से स्वीकृत 12.85 लाख रुपये की लागत वाले व्यवसायिक परिसर निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। इस अवसर पर ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विकास कार्यों को लेकर उत्साह का माहौल देखा गया।

- उमरगांव (ब) को मिली विकास की नई सौगात
- ग्रामीणों से सीधा संवाद कर जानी समस्याएं
- विकास कार्यों में तेजी का दिलाया भरोसा

ग्राम उमरगांव (ब) में सुखमन बंगोली के घर के सामने बनने वाले व्यवसायिक परिसर से स्थानीय व्यापारियों, किसानों और ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। इस परिसर के निर्माण से क्षेत्र में छोटे व्यवसायों को बढ़ावा मिलेगा तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान विधायक लता उसेंडी ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और व्यवसाय के अवसर बढ़ाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि व्यवसायिक परिसर बनने से ग्रामीणों को अपने उत्पादों के विक्रय और व्यापारिक गतिविधियों के लिए बेहतर मंच उपलब्ध होगा।

### ग्रामीण विकास को लेकर सरकार प्रतिबद्ध

विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए शासन निरंतर प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि गांवों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आधारभूत संरचनाओं का विकास अत्यंत आवश्यक है और इसी दिशा में यह व्यवसायिक परिसर महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम के दौरान विधायक लता उसेंडी ने ग्रामीणों के बीच बैठकर उनकी समस्याएं, मांगें और सुझाव सुने। ग्रामीणों ने विभिन्न विकास कायोंर्, मूलभूत सुविधाओं और स्थानीय आवश्यकताओं से संबंधित विषयों को विधायक के समक्ष रखा। विधायक ने संबंधित समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन देते हुए कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना उनकी प्राथमिकता है और क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

### जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की रही सक्रिय सहभागिता

भूमिपूजन कार्यक्रम में उमरगांव (ब) एवं चिपावंड के सरपंच, स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने क्षेत्र में विकास कायोंर् के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया और व्यवसायिक परिसर निर्माण को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उमरगांव (ब) में आयोजित यह कार्यक्रम केवल भूमिपूजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि विधायक लता उसेंडी ने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना और विकास कार्यों की प्रगति पर भी चर्चा की। इससे ग्रामीणों में विश्वास और सहभागिता की भावना और मजबूत हुई।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश खिलावन राम रीगरी ने ली समीक्षा बैठक

# विधिक जागरूकता बढ़ाने पर जोर, पैरालीगल वालिंटियर्स को दिए नए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश खिलावन राम रीगरी की अध्यक्षता में सोमवार को पैरालीगल वालिंटियर्स पीएलवी की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले एवं नारायणपुर में कार्यरत पैरालीगल वालिंटियर्स द्वारा किए जा रहे जनजागरूकता एवं विधिक सहायता संबंधी कार्यों की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा हुई।

- ग्रामीण क्षेत्रों तक नि:शुल्क विधिक सहायता पहुंचाने के दिए निर्देश

बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश खिलावन राम रीगरी ने कहा कि पैरालीगल वालिंटियर्स न्याय व्यवस्था और आम नागरिकों के बीच महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करते हैं। विशेष रूप से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में विधिक जागरूकता फैलाने तथा जरूरतमंद लोगों को न्याय तक पहुंचाने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी पीएलवी को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार करने तथा समाज के कमजोर, वंचित और जरूरतमंद वर्गों तक निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक में पैरालीगल वालिंटियर्स ने अपने–अपने कार्यक्षेत्र में संचालित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने आयोजित विधिक साक्षरता




शिविरों, लाभार्थियों को उपलब्ध कराई गई सहायता तथा आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए किए गए प्रयासों की जानकारी दी। समीक्षा के दौरान विधिक सहायता योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और अधिक से अधिक लोगों तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में बंदियों, महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों एवं अन्य पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की भी समीक्षा की गई। न्यायाधीश महोदय ने निर्देशित किया कि ऐसे वगोंर् तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएं। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि पैरालीगल वालिंटियर्स जनसमस्याओं को चिन्हित कर उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तक पहुंचाएं, ताकि समय रहते आवश्यक सहायता और समाधान उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने सभी वालिंटियर्स को अधिक सक्रियता, संवेदनशीलता और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

**प्रमुख अधिकारी रहे उपस्थित** – बैठक में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल, प्रतिधारक अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्ट तथा जिला कोण्डागांव एवं नारायणपुर में कार्यरत पैरालीगल वालिंटियर्स उपस्थित रहे। बैठक के अंत में यह संकल्प लिया गया कि विधिक सहायता और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए पैरालीगल वालिंटियर्स और अधिक सक्रिय भूमिका निभाएंगे, जिससे न्याय तक सभी की समान पहुंच सुनिश्चित हो सके। विधिक सहायता प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति का अधिकार है, इसे अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

## खबर संक्षेप

### नशीली कैप्सूल लेकर ग्राहक का इंतजार कर रहा आरोपी गिरफ्तार



**जगदलपुर।** बोधघाट पुलिस ने नशीली कैप्सूल के साथ एक आरोपी को नया बस स्टेण्ड से गिरफ्तार किया है जो ग्राहक का इंतजार कर रहा था। बोधघाट पुलिस को सूचना मिली थी कि नया बस स्टैंड के पीछे आम पेड़ के पास एक युवक अपने कब्जा में नशे के रूप में उपयोग होने वाले अवैध प्रतिबंधित कैप्सूल रखकर बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन, सीएसपी सुमित कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट टामेश्वर चौहान के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर संदेही व्यक्ति को पकड़कर पूछताछ करने पर उसने अपना नाम बंटू चौहान 27 वर्ष निवासी आड़ावाल खासपारा का रहने वाला बताया। उसके कब्जे से अवैध प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल 17 पत्ता कुल 136 नग कीमत 54 हजार 4 सौ रूपए बरामद किया गया। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 21 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया।

### एक वर्ष बाद भी सुशासन तिहार के आवेदनों का नहीं हुआ निराकरण

**घाटलोहंगा।** ग्राम पंचायत बड़े चकवा के उपसरपंच पूरन सिंह कश्यप ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर राज्य सरकार एवं प्रशासन पर सुशासन तिहार के माध्यम से प्राप्त आवेदनों के निराकरण में गंभीर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि



सुशासन तिहार को जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसकी स्थिति चिंताजनक दिखाई दे रही है। पिछले वर्ष आयोजित सुशासन तिहार में ग्रामीणों, किसानों, मजदूरों तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा बड़ी संख्या में आवेदन प्रस्तुत किए गए थे, किंतु एक वर्ष बीत जाने के बाद भी अधिकांश आवेदनों का निराकरण नहीं हो सका है। उपसरपंच पूरन सिंह कश्यप ने बताया कि उन्होंने स्वयं ग्राम पंचायत बड़े चकवा के विकास कार्यों से संबंधित लगभग 30 से 35 आवेदन सुशासन तिहार के दौरान प्रस्तुत किए थे। इन आवेदनों में सड़क निर्माण, पेयजल व्यवस्था, सिंचाई सुविधा, सामुदायिक भवन निर्माण, नाली निर्माण, ग्रामीण अधोसंरचना विकास तथा अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल थे। इन मांगों को लेकर कई बार जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार को पत्राचार के माध्यम से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक किसी भी मांग पर ठोस निर्णय या कार्रवाई देखने को नहीं मिली है।

## विकास एवं सुशासन के संकल्प को किया मजबूत

# मुख्यमंत्री ने चेरपाल शिविर में किया जनसंवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा








सुशासन तिहार के अंतर्गत दंतेवाड़ा जिले के गीदम विकासखंड स्थित ग्राम पंचायत चेरपाल में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पहुंचे। मुख्यमंत्री ने विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं हितग्राहियों को मिल रहे लाभों की जानकारी ली।

इस अवसर पर दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुडामी, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, विशेष सचिव एवं जनसंपर्क आयुक्त रजत बंसल, कलेक्टर देवेश ध्रुव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत नाहटा सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारी-

■ खेल, पर्यटन, शिक्षा एवं आधारभूत संरचना के लिए अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं

कर्मचारी, जनप्रतिनिधिगण, बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

कलेक्टर देवेश ध्रुव ने जिले में सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों, शिकायतों के निराकरण तथा विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी मुख्यमंत्री को दी। उन्होंने बताया कि जिले में लगभग 29 हजार किसान जैविक खेती से जुड़े हुए हैं और प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से सीधे संवाद कर योजनाओं के प्रभाव का जायजा लिया। प्रधानमंत्री आवास योजना की हितग्राही बुधनी बाई ने बताया कि उनका आवास पूर्ण हो चुका है तथा उन्हें योजना की समस्त राशि प्राप्त हो गई है। इस पर मुख्यमंत्री ने उन्हें नए आवास के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। स्व-सहायता समूह से जुड़ी लखपति दीदी कुंती बाई ने बताया कि वे प्रतिवर्ष लगभग दो लाख रुपये की आय अर्जित कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने उनकी सफलता की सराहना करते हुए कहा कि अब उन्हें और अधिक प्रगति कर करोड़पति बनने का लक्ष्य रखना चाहिए। कृषि विभाग के हितग्राही बजरंग ने बताया कि वे विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर जैविक खेती कर रहे हैं। वहीं आयुष्मान भारत योजना की हितग्राही प्रमिला ने बताया कि उनके बच्चे का उपचार रायपुर में आयुष्मान कार्ड के माध्यम से सफलतापूर्वक कराया गया, जिससे उन्हें आर्थिक राहत मिली। महतारी वंदन योजना की हितग्राही संगीता नाथ ने बताया कि योजना से प्राप्त राशि का वे बचत एवं परिवार की आवश्यकताओं में सदुपयोग करती हैं।

शिविर के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा वन अधिकार पट्टा वितरण का विषय उठाए जाने पर मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सभी पात्र हितग्राहियों को वन अधिकार पट्टे प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनजातीय एवं वनाश्रित परिवारों के अधिकारों के संरक्षण और उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर जिले में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही विभिन्न विभागों के हितग्राहियों को सांकेतिक चेक एवं विभिन्न योजनाओं के लाभ वितरित किए गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक चैतराम अटामी ने स्थानीय बोली में ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया और क्षेत्र के विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने चेरपाल खेल मैदान के विकास हेतु 50 लाख रुपये तथा तुमरीगुंडा खेल मैदान के विकास के लिए 50 लाख रुपये स्वीकृत करने की घोषणा की। इसी प्रकार तुमरीगुंडा में पशु औषधालय भवन निर्माण के लिए 50 लाख रुपये तथा चेरपाल में मॉडल बाजार निर्माण के लिए 60 लाख रुपये स्वीकृत करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने गोयंदर नाला पर स्टॉप डैम निर्माण के लिए एक करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान करने की घोषणा की। साथ ही बेनपाल, बड़ेपल्ली, पुरंगेल एवं लोहागांव में विद्युतीकरण कार्यों के लिए 5 करोड़ रुपये स्वीकृत करने की घोषणा की। उन्होंने ढोलकाल, हादावाड़ा एवं कुम्हार रास क्षेत्र के समग्र पर्यटन विकास के लिए विशेष कार्य कराए जाने की घोषणा की। साथ ही मां दंतेश्वरी मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए ठहरने की बेहतर व्यवस्था विकसित करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने काउरगांव स्थित पोटाकेबिन के पक्के निर्माण तथा गीदम में आईआईटी भिलाई के सहयोग से ट्राइबल रिसर्च पार्क की स्थापना की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि यह संस्थान आदिवासी संस्कृति, परंपरा, ज्ञान एवं नवाचारों के संरक्षण और अनुसंधान का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा।

मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि चेरपाल की पावन धरती पर आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का वे हृदय से अभिनंदन करते हैं। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार का शुभारंभ 1 मई से हुआ है और आगामी दिनों तक यह अभियान पूरे प्रदेश में जारी रहेगा। इसका उद्देश्य शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशभर में लगाए जा रहे शिविरों के माध्यम से लोगों को तत्काल राहत एवं योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बस्तर क्षेत्र लंबे समय तक नक्सलवाद से प्रभावित रहा, जिसके कारण विकास की गति बाधित हुई। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन और संकल्प के परिणामस्वरूप क्षेत्र में शांति एवं विकास का नया वातावरण निर्मित हुआ है। उन्होंने नक्सल उन्मूलन में सुरक्षा बलों के जवानों के साहस और समर्पण की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। साथ ही सकारात्मक परिवर्तन को जन-जन तक पहुंचाने में मीडिया की भूमिका को भी उल्लेखनीय बताया।

### कृषि, पर्यटन और वनोपज आधारित अर्थव्यवस्था को मिलेगा बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बस्तर को देश के सर्वाधिक विकसित क्षेत्रों में शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। नियद नेल्लानार योजना के माध्यम से दूरस्थ अंचलों में विकास के विशेष कार्य किए जा रहे हैं। कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्यपालन एवं वनोपज आधारित गतिविधियों को बढ़ावा देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाया जाएगा। वनोपजों के मूल्य संवर्धन के माध्यम से स्थानीय लोगों की आय में वृद्धि सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि लोगों को उपचार के लिए बाहर न जाना पड़े। शिविरों के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि बारसूर में पर्यटन विकास के लिए राशि स्वीकृत की गई है तथा दंतेवाड़ा जिले में 12 नई सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य संचालित हो रहे हैं और आने वाले समय में बस्तर विकास एवं समृद्धि की नई पहचान बनेगा। कार्यक्रम का समापन हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के लाभ वितरण एवं सुशासन, विकास तथा जनकल्याण के संकल्प के साथ हुआ।

# बारिश के कारण सीएम का कार्यक्रम स्थगित








हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुशासन तिहार के तहत छापर भानपुरी में जलनी माता गुड़ी परिसर में जन समस्या निराकरण शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं हितग्राहियों की उपस्थिति रही। अचानक हुई बारिश के कारण मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का प्रस्तावित कार्यक्रम

■ विधायक ने बारिश के बीच वितरण किया सामान और चेक

स्थगित करना पड़ा। हालांकि कार्यक्रम जारी रहा और हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया।

इस अवसर पर विधायक विनायक गोयल ने बारिश के बीच कार्यक्रम स्थल पहुंचकर हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत सामग्री एवं सहायता राशि का चेक वितरित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और सुशासन तिहार इसी उद्देश्य को साकार करने का माध्यम बन रहा है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। ग्रामीणों ने शासन की जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। बारिश के बावजूद कार्यक्रम में उत्साह बना रहा और हितग्राहियों ने योजनाओं का लाभ प्राप्त कर प्रसन्नता व्यक्त की।

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में पूर्व विधायक लच्छू राम कश्यप, जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पांडेय, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, अपर कलेक्टर सी पी बघेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षण से अर्जित ज्ञान भविष्य में चुनौतीपूर्ण कर्तव्यों का निर्वहन करने में सहायक : पांडे

### कार्मिकों के प्रदर्शित उत्साह अनुशासन व समर्पण की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा





सीआरपीएफ इंजरम में आयोजित दो सप्ताह के संक्षिप्त पीआई प्रशिक्षण कार्यक्रम के चतुर्थ बैच का समापन समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य कार्मिकों को आंतरिक सुरक्षा कर्तव्य, क्षेत्रीय परिस्थिति तथा सामरिक चुनौतियों के प्रति पूर्णतः तैयार करना था।

समापन समारोह राजेश पांडे डीआईजी कोंटा रेंज सीआरपीएफ के मार्गदशर्न एवं पार्थ सारथी घोष, कमान्डेन्ट 219वी वाहिनी के निर्देशन में किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त किए कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से अर्जित ज्ञान, अनुशासन एवं सामरिक कौशल भविष्य में उन्हें चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में प्रभावी ढंग से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने सभी कार्मिकों को प्रशिक्षण के दौरान प्रदर्शित उत्साह, अनुशासन एवं समर्पण की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत रेंज कोंटा की विभिन्न बटालियनों से कुल 113 कार्मिकों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण किया। जिन्हें प्रशिक्षण अवधि के दौरान आईईडी की पहचान एवं रोकथाम, हथियार संचालन, मानचित्र अध्ययन, जंगल क्षेत्रों में सामरिक मूवमेंट, विभिन्न केस स्टडी, एफओबी की स्थापना तथा एसओजेड से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

इस दौरान कार्मिकों में टीम भावना नेतृत्व क्षमता एवं आपसी समन्वय को सुदृढ़ बनाने पर विशेष बल दिया गया।

# रासेयो ने तम्बाकू छोड़ने ग्रामीणों को किया जागरूक

**दरभा।** भारत सरकार के निर्देश पर राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदबहार ने 31 मई से 2 जून तक तम्बाखू निषेध अभियान चलाया। इस दौरान ग्राम पंचायत कोयनार में दिवाल लेखन कर तथा लोगों से बातचीत कर तम्बाकू और तम्बाकू से बने उत्पाद गुटखा, बीड़ी, सिगरेट, गुड़ाखू आदि के सेवन से होने वाले भयानक लाइलाज बीमारी कैंसर के बारे में बताया गया। उन्हें नेट के माध्यम वीडियो और कैंसर बीमारी से बने हालात को दिखाकर समझाया कि आज ही तंबाखू और इससे बने उत्पाद को छोड़ें और स्वास्थ्य जिंदगी से नाता जोड़े। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी स्वयं सेवक मुकेश कश्यप, नेहा समरथ, अनुशिका नाग, राधिका कश्यप, सरिता सहित ग्रामीण जन मौजूद रहे।




**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

**फार्म-अ**

**सार्वजनिक सूचना**

**(विषय-6 देखिए )**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, विवाह पक्षकार श्री नागेश सिंह बघेल, पिता श्री बीएस बघेल जाति कलार, उम्र 32 वर्ष, निवासी साकेत नगर गोविंदपुर तहसील कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) एवं पूजा यादव पिता छबिल राम, जाति राउत, उम्र 33 वर्ष, निवासी ग्राम बाजार पारा सरोना, तहसील सरोना, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित विवाह के आपत्ति करने हेतु इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 08.06.2026 को अथवा इसके पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय की सीलमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

मुहर


अपर कलेक्टर
एवं विवाह अधिकारी,
जिला उत्तर बस्तर कांकेर

### पीएम श्री सेजेस में 15 दिवसीय समर कैंप शुरू

**लोहांडीगुड़ा।** पीएम श्री शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेजेस लोहांडीगुड़ा में आज 15 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति एसएमडीसी के अध्यक्ष



बसंत कश्यप, खंड शिक्षा अधिकारी एसएमटी शालिनी तिवारी तथा उसरीबेड़ा ग्राम पंचायत के सरपंच गुड्डूराम द्वारा दीप प्रज्वलन एवं बच्चों को शुभकामनाएं देकर किया गया। समर कैंप के प्रथम दिवस पर बच्चों का स्वागत किया गया तथा उन्हें पौष्टिक आहार के रूप में देशी चना एवं केला वितरित किया गया। कैंप के दौरान विद्यार्थियों को रुचि एवं प्रतिभा के अनुसार विभिन्न रचनात्मक एवं मनोरंजक गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। इनमें कला एवं शिल्प, चित्रकला, संगीत, नृत्य, योग, खेलकूद, व्यक्तित्व विकास, विज्ञान गतिविधियां तथा अन्य नवाचार आधारित कार्यक्रम शामिल रहेंगे।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### स्वयं की लापरवाही से हुई चालक की मौत



**कांकेर।** छोटेबेठिया थानांतर्गत धरमपुर और बेचाघाट के बीच कच्ची रास्ते पर सड़क दुर्घटना में मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि मृतक आलदण्ड निवासी 29 वर्षीय गौवरू पद्दा पिता स्व. कुल्ले पद्दा 31 मई को वाहन क्रमांक सीजी सीजी 25 एफ 3586 से संतोष पद्दा के साथ शादी में शामिल होने ग्राम आलदण्ड गया था। अगले दिन 1 जून 2025 रात करीबन ढेड़ बजें संतोष पद्दा को आलदण्ड में छोडकर अकेले मोटर सायकल चलाते वापस बडेबेठिया आ रहा था कि बेचाघाट और धरमपुर के बीच कच्ची सड़क मुरम रोड में लापरवाही पूर्वक व तेज गति से वाहन चलाते हुए स्वंय रोड में फिसलकर एक्सीडेन्ट कर गिर गया गिरने से गौवरू पद्दा के सिर व पैर में चोट लगने के कारण उसकी मौत हो गई। वाहन चालक का कृत्य अपराध सदर धारा 281, 106(1) बीएनएस के तहत पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### बिना सरकारी आदेश के निजी बसों में किराया वृद्धि

**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि रायपुर से जगदलपुर के बीच यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों पर निजी बस संचालकों ने मनमाने ढंग से किराया वृद्धि का बोझ डाल दिया है। जो किराया पहले 500 से 600 रुपये के बीच हुआ करता था, उसे अब अचानक बढ़ाकर 800 रुपये तक कर दिया गया है। यह वृद्धि बिना किसी वैधानिक प्रक्रिया और सरकारी स्वीकृति के लागू की गई प्रतीत होती है, जिससे आम जनता में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने इस मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि निजी बस मालिकों द्वारा डीजल के दाम बढ़ने का हवाला देकर यात्रियों से अतिरिक्त राशि वसूली जा रही है। वास्तविकता यह है कि अब तक शासन अथवा परिवहन विभाग की ओर से बस किराए में वृद्धि संबंधी कोई आधिकारिक अधिसूचना, गजट नोटिफिकेशन या आदेश जारी नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार की ओर से कोई अधिकृत आदेश जारी नहीं हुआ है, तो आखिर किस आधार पर यात्रियों से बढ़ा हुआ किराया वसूला जा रहा है। यह आम जनता के साथ अन्याय और आर्थिक शोषण है। मौर्य ने कहा मंत्री केदार कश्यप यह स्वीकार कर रहे हैं कि बस किराया बढ़ाने को लेकर सरकार की कोई बैठक नहीं हुई है और न ही किसी प्रकार का सरकारी आदेश जारी किया गया है।

### राजनगर में मना विश्व तंबाकू निषेध दिवस

**जगदलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड के राजनगर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक के निर्देश के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत भवन राजनगर ने सरपंच धनमती भारती व मोहनलाल भारती की उपस्थिति में स्वास्थ्य विभाग एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन (लेप्रा सोसाइटी) के संयुक्त तत्वावधान में विश्व तंबाकू निषेध दिवस की कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें पर्यवेक्षक दिनेश पराते द्वारा तंबाकू से होने वाली बिमारियो जैसे केंसर जैसी रोग से बचने हेतु तंबाकू का सेवन न करने की स्वास्थ्य शिक्षा दी एवं सिगरेट, बीड़ी, गुटखा, गांजा, भांग आदि के अपने जीवन मे उपयोग मे न लेने हेतु प्रेरित किया। लेप्रा सोसाइटी के पर्यवेक्षक रामा राव द्वारा तंबाकू का सेवन करने वाले ग्रामीणों जागरूक करते हुए समझाया एवं कहा नशा जीवन का नाश करता है एवं नशा न करने की सलाह दी। लेप्रा सोसाइटी वर्तमान में सात बीमारियों की जांच एवं उपचार स्वास्थ्य विभाग के साथ कार्य कर रहा है।

### निधन

### योगेश कुमार



**दुर्गुकोंदल।** ग्राम ओडाहुर निवासी योगेश कुमार का 2 जून को निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वे श्री बजरंग आयरन एंड माइंस हाहालद्दी में मजदूर के रूप में कार्यरत थे।

# जिले में खाद-बीज की उपलब्धता संतोषजनक, किसानों को समय पर दिया जा रहा कृषि आदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

खरीफ सीजन 2025-26 के लिए जिले में किसानों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए खाद एवं बीज की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। जिले में खाद एवं बीज के भंडारण तथा वितरण की स्थिति की समीक्षा के अनुसार वर्तमान में पर्याप्त मात्रा में कृषि आदान उपलब्ध है।

■ 64560 मैट्रिक टन उर्वरक वितरण का लक्ष्य

उप संचालक कृषि जितेन्द्र कोमरा ने बताया कि विभाग द्वारा वर्तमान सत्र में किसानों को समय पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप भंडारण एवं वितरण की सुदृढ़ व्यवस्था की गई है।

जिले के लिए कुल 64560 मैट्रिक टन उर्वरक का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें यूरिया 28060 मैट्रिक टन, डीएपी 10500 मैट्रिक टन, एनपीके 11000 मैट्रिक टन, एसएसपी 9000 मैट्रिक टन तथा एमओपी 6000 मैट्रिक टन शामिल हैं। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों का भंडारण किया गया है, जिसके अंतर्गत वर्तमान में यूरिया 15097.197 मैट्रिक टन, डीएपी 3752.625 मैट्रिक टन, एनपीके 8588.41 मैट्रिक टन, एसएसपी 6368.25 मैट्रिक टन तथा एमओपी 3067.27 मैट्रिक टन उपलब्ध है।

## जिले में खरीफ सीजन 2025-26 की तैयारी

### अतिरक्त आपूर्ति भी कर रहे

साथ ही विभाग द्वारा उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण की नियमित निगरानी कर अवश्यकतानुसार अतिरिक्त आपूर्ति भी सुनिश्चित की जा रही है, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसी प्रकार 12021 क्विंटल धान बीज की मांग के विरूद्ध 7558.20 क्विंटल बीज उपलब्ध है। 5379 क्विंटल बीज का भंडारण किया गया है।



### उर्वरकों का किया जा रहा वितरण

साथ ही सहकारी समितियों एवं अधिकृत विक्रेताओं के माध्यम से किसानों को उर्वरकों का सुचारू वितरण किया जा रहा है, जिसके तहत अब तक यूरिया 6193.635 मैट्रिक टन, डीएपी 1523.75 मैट्रिक टन, एनपीके 2889.67 मैट्रिक टन, एस.एस.पी. 2003.45मैट्रिक टन तथा एमओपी 1098.15 मैट्रिक टन का वितरण किया जा चुका है।

## 9 बस्तर मुन्ने सुशासन तिहार 2026 में छह ग्राम पंचायतों के लोग पहुंचे

# सुशासन तिहार शिविर में गूंजे ग्रामीणों के सवाल पेयजल, बिजली और शराब नीति पर उठी आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

बस्तर मुन्ने सुशासन तिहार 2026 के तहत विकासखंड नरहरपुर की ग्राम पंचायत किशनपुरी में छह ग्राम पंचायतों के क्लस्टर स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में किशनपुरी, हटकाचारमा, नवडबरी, उमदरहा, श्रीगुहान और चरभटी पंचायतों के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान ग्रामीणों ने पेयजल, बिजली, सड़क तथा प्रशासनिक व्यवस्थाओं से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं।

■ पानी टंकी में दरार आने से ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पेयजल

शिविर में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को खुलकर रखते हुए त्वरित समाधान की मांग की। ग्राम किशनपुरी निवासी सियाराम पटेल ने गांव में संचालित नल-जल योजना की स्थिति पर सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि लाखों रुपये की लागत से निर्मित पानी टंकी में दरार आ जाने के कारण योजना प्रभावित हो गई है। इससे ग्रामीणों को नियमित पेयजल नहीं मिल पा रहा है और उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने टंकी की तत्काल मरम्मत कर योजना को सुचारू रूप से संचालित करने की मांग की। हटकाचारमा के वार्ड पंच उमेश कुंजाम ने शिविर में शराब नीति और पुलिस कार्रवाई को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि जब शासन स्वयं शराब की बिक्री कर रहा है, तब सीमित मात्रा में शराब खरीदकर घर ले जाने वाले लोगों पर कार्रवाई किए जाने को लेकर ग्रामीणों में भ्रम की स्थिति है। उन्होंने अधिकारियों से इस विषय पर स्पष्टता लाने की मांग की। कई ग्रामीण मजदूरी के बाद व्यक्तिगत उपयोग के लिए शराब खरीदते हैं, लेकिन कार्रवाई के डर से परेशान रहते हैं। उनके इस मुद्दे का कई ग्रामीणों ने समर्थन किया। उमेश कुंजाम ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को बताया कि कई गांवों में नल-जल योजना के तहत घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। उन्होंने योजना की जांच कर आवश्यक सुधार कार्य कराने की मांग की। साथ ही विद्युत विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया कि जलापूर्ति योजनाओं के संचालन में बिजली संबंधी तकनीकी समस्याएं आ रही हैं, जिससे मोटर संचालन और पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने विद्युत व्यवस्था में सुधार की मांग की।



### अधिकारियों ने समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन

शिविर में मौजूद अधिकारियों ने ग्रामीणों द्वारा उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देने की बात कही। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि पेयजल, विद्युत एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित शिकायतों की जांच कर यथाशीघ्र समाधान किया जाएगा।

## एकलव्य विद्यालय भंडारडिग्गी में 11वीं लेटरल एंट्री के लिए आवेदन शुरू




**दुर्गुकोंदल।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भंडारडिग्गी दुर्गुकोंदल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 11वीं की रिक्त सीटों पर लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विद्यालय प्रशासन ने इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थियों से निर्धारित तिथि तक आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की है।

प्राचार्य ने बताया कि अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को कक्षा 11वीं में प्रवेश का अवसर प्रदान किया जाएगा। विद्यालय में जीव विज्ञान, कला वाणिज्य तथा प्रस्तावित गणित संकाय में प्रवेश दिया जाएगा। आगामी शैक्षणिक सत्र से विद्यालय में गणित संकाय शुरू करने की योजना बनाई गई है। इसके सफल संचालन के लिए लगभग 30 विद्यार्थियों की आवश्यकता होगी। इससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को विज्ञान और कला के साथ-साथ वाणिज्य विषय में भी अध्ययन का अवसर मिल सकेगा। प्रवेश के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 22 जून निर्धारित की गई है। इच्छुक विद्यार्थी 22 जून की शाम 5 बजे तक विद्यालय कार्यालय में अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। विद्यालय प्रशासन ने समय सीमा के भीतर आवेदन प्रस्तुत करने की सलाह दी है, ताकि प्रवेश प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न की जा सके।

## आंधी, तूफान और बारिश से बंद बिजली छठवें दिन हुई बहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आंधी, तूफान एवं बारिश से सुकमा जिले के 117 गांव की विद्युत सेवा बंद रही। जिसकी मरम्मत में विद्युत कंपनी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता एके गुप्ता, अधीक्षण अभियंता केव्ही मैथ्यू के मार्गदर्शन एवं सुकमा के कार्यपालन अभियंता एचके ध्रुव के नेतृत्व में सहायक, कनिष्ठ अभियंताओं के साथ कर्मचारियों ने दिन के साथ-साथ लाईन सुधारने में जुटे रहे। इसके चलते छठवें दिन सभी गांव की बंद बिजली बहाल हुई, जिससे ग्रामीण उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली। बताया जा रहा है कि बंद बिजली के चलते अतिरिक्त मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं सुकमा के कार्यपालन अभियंता कर्मचारियों के साथ गांव में पहुंचकर प्रभावित लाईन का निरीक्षण किया। सुकमा जिले में जगदलपुर से दो गेंग के विद्युत कर्मचारी भेजा गया था, जिससे टूटे पोल की जगह नए पोल लगाने का कार्य किया गया।

■ दिन के साथ रात में लाईन सुधारने में जुटे रहे विद्युत कर्मी



### विद्युत लाईन पर की जा रही निगरानी

विद्युत कंपनी सुकमा संभाग के कार्यपालन अभियंता श्री ध्रुव ने बताया कि आंधी, तूफान बारिश पर विद्युत लाईन पर निगरानी की जा रही है, विद्युत कर्मचारियों को सतर्क किया गया है।

## पूर्व कांग्रेस नेता का गौठान में फांसी पर लटका मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर के संजय नगर इलाके से मंगलवार सुबह एक ऐसी खबर सामने आई, जिसने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। स्थानीय गौठान परिसर में पूर्व कांग्रेस नेता नवाज अली का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक के परिजनों के घर में मातम का माहौल है।

■ जेल से कुछ दिन पहले ही छूटे थे

जानकारी के अनुसार मंगलवार 2 जून की सुबह संजय नगर स्थित गौठान में लोगों ने एक व्यक्ति का शव फांसी के फंदे पर लटका देखा। पहचान होने पर पता चला कि मृतक पूर्व कांग्रेस नेता नवाज अली हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारकर पंचनामा कार्रवाई शुरू की। बताया जा रहा है कि कुछ महीने पहले कोदागांव क्षेत्र में हुए एक भीषण सड़क हादसे के मामले में नवाज अली का नाम सामने आया था। आरोप था कि उनकी कार की टक्कर से एक पंचायत सचिव गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसकी बाद में अस्पताल में मौत हो गई थी।

इस मामले में पुलिस ने नवाज अली के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उन्हें जेल भेजा था। हाल ही में वे जेल से रिहा होकर वापस लौटे थे। हालांकि, पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। ऐसे में आत्महत्या के पीछे की वास्तविक वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस मृतक के परिजनों, परिचितों और संबंधित लोगों से पूछताछ कर विभिन्न पहलुओं की जांच कर रही है।



### पीएम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट जानकारी आएगी

पुलिस ने पीएम करवाकर शव कापोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही घटना के कारणों को लेकर स्पष्ट जानकारी सामने आ सकेगी।

## नीट पेपर लीक की निष्पक्ष जांच, कॉलेज में विधि संकाय शुरू करने की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

आदिवासी छात्र युवा संगठन पखांजुर के पदाधिकारियों एवं क्षेत्र के छात्र-छात्राओं ने छात्रहित एवं शिक्षा से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम पखांजुर के माध्यम से राष्ट्रपति एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में संगठन ने नीट-2026 परीक्षा में सामने आए कथित पेपर लीक प्रकरण की उच्चस्तरीय, निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। संगठन के अध्यक्ष राजेश नुरूटी, पूर्व महामंत्री विनोद कुमेटी, महामंत्री गीता दुग्गा एवं सनोती मंडावी ने कहा कि नीट देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रवेश परीक्षाओं में से एक है, जिसमें लाखों विद्यार्थी वर्षों की मेहनत और समर्पण के साथ शामिल होते हैं। ऐसे में पेपर लीक जैसी घटनाएं विद्यार्थियों की मेहनत और भविष्य के साथ अन्याय हैं तथा परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगाती हैं। संगठन ने मांग की कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए परीक्षा प्रणाली को अधिक सुरक्षित, पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाया जाए, जिससे विद्यार्थियों का विश्वास परीक्षा व्यवस्था में बना रहे। इसके अलावा मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में शासकीय महाविद्यालय पखांजुर में विधि एलएलबी संकाय प्रारंभ किए जाने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र के अनेक विद्यार्थी विधि शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं, लेकिन स्थानीय स्तर पर एलएलबी की सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें उच्च शिक्षा के लिए दूरस्थ शहरों का रुख करना पड़ता है। इससे विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर, ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र के विद्यार्थियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। संगठन का कहना है कि पखांजुर महाविद्यालय में विधि संकाय प्रारंभ होने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के अवसर प्राप्त होंगे तथा वे अपने क्षेत्र में रहकर ही अध्ययन कर सकेंगे। इससे क्षेत्र में विधिक शिक्षा और जागरूकता को भी बढ़ावा मिलेगा।



■ आदिवासी छात्र युवा संगठन ने राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

## पूर्व मे इसी कार्यालय में पदस्थ रहे अफसर करेंगे जांच निष्पक्षता पर उठे सवाल

# पूर्व वनमंडल भानुप्रतापपुर में वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों से हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

पूर्व वनमंडल भानुप्रतापपुर इन दिनों गंभीर आरोपों और विवादों के चलते चर्चा में है। विभाग में वित्तीय अनियमितताओं, कथित फर्जी वाउचरों, अधूरी कैश बुक और वायरल वीडियो को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं मामले की जांच ऐसे अधिकारी को सौंपे जाने पर भी सवाल उठ रहे हैं, जो पूर्व में इसी कार्यालय में पदस्थ रह चुके हैं।

सूत्रों के अनुसार वन विभाग में कार्यरत एक दैनिक वेतनभोगी कंप्यूटर ऑपरेटर की भूमिका को लेकर लंबे समय से चर्चाएं होती रही हैं। आरोप है कि संबंधित कर्मचारी केवल कंप्यूटर संचालन तक सीमित नहीं था, बल्कि विभागीय भुगतान, वाउचर तैयार करने, बिल निर्माण तथा वित्तीय अभिलेखों के संधारण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाता रहा। स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि उसे विभागीय स्तर पर विशेष संरक्षण प्राप्त रहा है। मामला तब और अधिक सुर्खियों में आया जब सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त दस्तावेजों के निरीक्षण में अक्टूबर 2025 से मार्च 2026 तक के रिकॉर्ड उपलब्ध कराए गए, लेकिन मार्च 2026 की कैश बुक पूर्ण रूप से संधारित नहीं मिली। जबकि इसी अवधि में विभागीय एवं कैम्पा मद से करोड़ों रुपये व्यय होने की जानकारी सामने आई है। वित्तीय नियमों के अनुसार कैश बुक का नियमित संधारण और सत्यापन अनिवार्य होता है। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि आखिर करोड़ों रुपये के व्यय के बावजूद कैश बुक अद्यतन क्यों नहीं की गई। इसी बीच सोशल मीडिया में वायरल एक वीडियो ने मामले को और अधिक संवेदनशील बना दिया है। वीडियो में कथित रूप से लकड़ी परिवहन, दस्तावेजी प्रक्रियाओं तथा पैसों के लेन-देन से संबंधित बातचीत होने का दावा किया जा रहा है। हालांकि वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन इसके सामने आने के बाद विभाग की ओर से स्पष्ट प्रतिक्रिया या कार्रवाई नहीं होने से चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि वीडियो भ्रामक है तो विभाग को इसकी आधिकारिक जानकारी सार्वजनिक करनी चाहिए, वहीं यदि आरोपों में सच्चाई है तो जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए। इसके अलावा संबंधित कर्मचारी को सरकारी आवास उपलब्ध कराए जाने की चर्चाओं ने भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं।




### प्रार्थना कर रहे आदिवासी परिवार पर हमला अनुचित

**जगदलपुर।** जोगी कांग्रेस के संभागीय अध्यक्ष नवनीत चांद ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि पिछले 31 मई को ग्राम सदरापाल ग्राम पंचायत पालेम थाना तोंगपाल जिला सुकमा के आदिवासी ग्रामीण घर में शांतिपूर्वक प्रार्थना कर रहे थे। तब उन लोगों पर हमला किया गया। जो भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों पर प्रहार है। उन्होंने कहा सवाल यह है कि आखिर बस्तर में ऐसी परिस्थितियां क्यों निर्मित की जा रही हैं। जहां गांवों में भाईचारा टूट रहा है। परिवारों के बीच विभाजन बढ़ रहा है और विकास के मूल मुद्दों को पीछे धकेलकर धार्मिक तनाव को हवा दी जा रही है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज